# स्वर - VOWELS –உயிர் எழுத்துக்கள்

अ அ   आ ஆ   इ இ

ई ஈ   उ உ   ऊ ஊ

ऋ க்ரு   ए எ,ஏ   ऐ ஐ

ओ ஒ,ஓ   औ ஔ

अं அம்   अः அஹ

# व्यंजन - CONSONANTS - மெய் எழுத்துக்கள்

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क **ka** | ख **kha** | ग **ga** | घ **gha** | ङ **gna** |
| च cha | छ chha | ज ja | झ jha | ञ nya |
| ट **ta** | ठ **tta** | ड **da** | ढ **dda** | ण **nna** |
| त **tha** | थ **thha** | द **dha** | ध **dhha** | न **na** |
| प **pa** | फ **pha** | ब **ba** | भ **bha** | म **ma** |
| य **ya** | र **ra** | ल **la** | व **va** | |
| श **sha** | ष **ssha** | स **sa** | ह **ha** | |

# संयुक्ताक्षर - COMBINED LETTERS

क्ष ksha　　त्र thra　　श्र shra　　ज्ञ gnya

## स्वर की मात्राएँ - SYMBOLS OF VOWELS

| | |
|---|---|
| अ | - |
| आ | ◌ा |
| इ | ि◌ |
| ई | ◌ी |
| उ | ◌ु |
| ऊ | ◌ू |
| ऋ | ◌ृ |
| ए | ◌े |
| ऐ | ◌ै |
| ओ | ◌ो |
| औ | ◌ौ |
| अं | ◌ं |
| अः | ◌ः |

# बारहखड़ी - உயிர் மெய் எழுத்துக்கள்

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
| - | ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ | ं | ः |
| क | का | कि | की | कु | कू | कृ | के | कै | को | कौ | कं | कः |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खृ | खे | खै | खो | खौ | खं | खः |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गृ | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घृ | घे | घै | घो | घौ | घं | घः |
| ङ | ङा | ङि | ङी | ङु | ङू | ङृ | ङे | ङै | ङो | ङौ | ङं | ङः |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चृ | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छृ | छे | छै | छो | छौ | छं | छः |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जृ | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झृ | झे | झै | झो | झौ | झं | झः |
| ञ | ञा | ञि | ञी | ञु | ञू | ञृ | ञे | ञै | ञो | ञौ | ञं | ञः |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टृ | टे | टै | टो | टौ | टं | टः |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठृ | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं | ठः |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डृ | डे | डै | डो | डौ | डं | डः |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढृ | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं | ढः |
| ण | णा | णि | णी | णु | णू | णृ | णे | णै | णो | णौ | णं | णः |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | ता | ति | ती | तु | तू | तृ | ते | तै | तो | तौ | तं | तः |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थृ | थे | थै | थो | थौ | थं | थः |
| द | दा | दि | दी | दु | दू | दृ | दे | दै | दो | दौ | दं | दः |
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धृ | धे | धै | धो | धौ | धं | धः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | नृ | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पृ | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फृ | फे | फै | फो | फौ | फं | फः |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बृ | बे | बै | बो | बौ | बं | बः |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भृ | भे | भै | भो | भौ | भं | भः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मृ | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| य | या | यि | यी | यु | यू | यृ | ये | यै | यो | यौ | यं | यः |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | रा | रि | री | रु | रू | रृ | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | लृ | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वृ | वे | वै | वो | वौ | वं | वः |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शृ | शे | शै | शो | शौ | शं | शः |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षृ | षे | षै | षो | षौ | षं | षः |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | सृ | से | सै | सो | सौ | सं | सः |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हृ | हे | है | हो | हौ | हं | हः |
| क्ष | क्षा | क्षि | क्षी | क्षु | क्षू | क्षृ | क्षे | क्षै | क्षो | क्षौ | क्षं | क्षः |
| त्र | त्रा | त्रि | त्री | त्रु | त्रू | त्रृ | त्रे | त्रै | त्रो | त्रौ | त्रं | त्रः |
| श्र | श्रा | श्रि | श्री | श्रु | श्रू | श्रृ | श्रे | श्रै | श्रो | श्रौ | श्रं | श्रः |
| ज्ञ | ज्ञा | ज्ञि | ज्ञी | ज्ञु | ज्ञू | ज्ञृ | ज्ञे | ज्ञै | ज्ञो | ज्ञौ | ज्ञं | ज्ञः |

# पाठ एक

# विमला पढ़ती है ।



लता, तुम यहाँ क्या करती हो?

मैं यहाँ पढ़ती हूँ।

मैं हिंदी पढ़ती हूँ ।

मैं अंग्रेज़ी भी पढ़ती हूँ ।

विमला भी पढ़ती है।

मैं पाठ लिखती हूँ ।
गीता भी पाठ लिखती है।
हम सब लिखते हैं।
हम हिंदी पाठ लिखते हैं।
यहाँ दो लड़कियाँ हैं ।
ये लड़कियाँ क्या करती हैं?
ये लड़कियाँ पढ़ती और लिखती हैं।

कमला गाती है ।

श्रीदेवी लिखती है और राधिका पढ़ती है।

माताजी आज कहाँ जाती हैं?

माताजी आज बंगलूरू जाती हैं।

मामीजी कहाँ जाती हैं?

मामीजी हैदराबाद जाती हैं।

माताजी आज जाती हैं।

मामीजी भी आज जाती हैं।

कुत्ता वहाँ खेलता है।

गाय यहाँ आती है।

कुत्ता क्या खाता है ?

कुत्ता भात खाता है।

गाय क्या पीती है?

गाय पानी पीती है।

कुत्ता क्या पीता है?

कुत्ता दूध पीता है।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| कर | Do | செய் |
| अंग्रेज़ी | English | ஆங்கிலம் |
| पानी | Water | தண்ணீர் |

## अभ्यास - EXERCISE

एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-

1. लता, तुम यहाँ क्या करती हो?

2. गाय क्या पीती है?

3. कुत्ता क्या खाता है?

## पाठ दो

### दिनेश लाता है ।



दिनेश क्या लाता है ?

दिनेश कलम लाता है ।

दिनेश कहाँ से कलम लाता है?

वह बाज़ार से कलम लाता है।

वह घड़ी भी लाता है।

सलीम, तुम क्या लाते हो?

मैं एक किताब लाता हूँ।

तुम कहाँ से किताब लाते हो?

मैं स्कूल से किताब लाता हूँ।

विजय क्या खाता है ?

वह सेब खाता है।

क्या वह अमरूद खाता है ?

नहीं, वह अमरूद नहीं खाता।

वह सेब खाता है।

विशाल और जोसफ़ कहाँ खेलते हैं?

विशाल और जोसफ़ मैदान में खेलते हैं ।

क्या वे घर में भी खेलते हैं?

नहीं, वे घर में नहीं खेलते ।

वे मैदान में खेलते हैं ।

वनजा, तुम कहाँ पढ़ती हो?

मैं गाँधी स्कूल में पढ़ती हूँ ।

क्या मालिनी भी वहाँ पढ़ती है?

हाँ, मालिनी भी वहाँ पढ़ती है।

वीणा, तुम क्या करती हो?

मैं हिंदी पढ़ती हूँ ।

क्या तुम अंग्रेज़ी भी पढ़ती हो?

जी हाँ, मैं अंग्रेज़ी भी पढ़ती हूँ।

वहाँ देखो, मैदान में लड़के खेलते हैं।

तुम भी बाहर जाओ और खेलो।

रात में जल्दी सोओ। सबेरे जल्दी उठो ।

आओ राधा, बैठो।तुम गीत गाओ ।

पंडितजी, आप गीत सुनिए ।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| से | From | இருந்து |
| बाज़ार | Market | கடைவீதி |
| सेब | Apple | ஆப்பிள் |
| अमरूद | Guava | கொய்யாப்பழம் |
| बाहर | Outside | வெளியே |
| जल्दी | Early, Soon | சீக்கிரம் |

| | | |
|---|---|---|
| सबेरे | In the Morning | காலையில் |
| उठ | Get up | எழுந்திரு |

## अभ्यास - EXERCISE

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. दिनेश कहाँ से कलम लाता है ?
2. विजय क्या खाता है ?
3. वनजा, तुम कहाँ पढ़ती हो?

## पाठ तीन

### का - के - की



यह शेखर का घर है।

शेखर का घर बड़ा है।

शेखर का घर शहर में है।

रमेश शेखर का भाई है।

रमेश शेखर का छोटा भाई है|

उमा शेखर की बहन है।

उमा शेखर की छोटी बहन है।

सुरेश शेखर का बड़ा भाई है।
रमेश और शेखर सुरेश के छोटे भाई हैं।
कमला शेखर की बड़ी बहन है।
यह शेखर का स्कूल है।
शेखर का स्कूल इंदिरा नगर में है।

यह स्कूल का बाग है ।

स्कूल का बाग बड़ा है।

बाग में कई पेड़ हैं।

बाग के पेड़ ऊँचे हैं।

बाग में कौन हैं?

बाग में स्कूल के लड़के हैं।

देखो, शेखर के पिता आते हैं।
शेखर के अध्यापक भी आते हैं ।
वहाँ मोहन का कुत्ता आता है।
मोहन का कुत्ता अच्छा है।
वह आपका घर है ।
यह आपकी कलम है।
मुकेश आपका भाई है ।
निर्मला आपकी बहन है।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| बड़ा | Big | பெரிய |
| शहर | City | நகரம் |
| छोटा | Small | சிறிய |
| भाई | Brother | சகோதரன் |
| बहन | Sister | சகோதரி |
| बाग | Garden | தோட்டம் |
| पेड़ | Tree | மரம் |
| ऊँचा | High | உயரமான |

## अभ्यास - EXERCISE

एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-

1.शेखर का घर कहाँ है ?

2.शेखर का स्कूल कहाँ है ?

3.बाग में कौन हैं?

# पाठ - चार

# मेरा, तुम्हारा, हमारा, आपका

मेरा ,तुम्हारा हमारा आपका

इसका उसका किसका

मेरा नाम राम है।

तुम्हारा नाम क्या है?

मेरा नाम दिनेश है।

यह मेरा कुत्ता है।
इसका नाम टामी है।
इसका रंग गोरा है।
वह किसका कुत्ता है ?
वह उसका कुत्ता है।
उसका रंग काला है।
यह मकान किसका है?
यह मकान सरकार का है।
इसमें सरकार का दफ़्तर है।




यह डाक-घर है ।

इसमें कौन काम करते हैं?

इसमें कई लोग काम करते हैं।
मेरे पिताजी भी इसमें काम करते हैं |




यह मेरा देश है।
यह तुम्हारा देश है।
यह आपका देश है।
यह हमारा देश है।
भारत हमारा देश है।



यह बैल-गाड़ी है।
यह रामनाथ की गाड़ी है।
गाड़ी कहाँ से आती है ?
यह बाज़ार से आती है।

इसमें रामनाथ क्या लाता है ?
वह चावल लाता है।
वह गेहूँ भी लाता है।

गोकुल घर से आता है।
उसका स्कूल दूर है।
वह घर से पैदल आता है।
वह घर से खाना लाता है।



कुमार शंकर से छोटा है।
शंकर क़ुमार से बड़ा है।
अरुण, तुम किससे लिखते हो?
मैं पेंसिल से लिखता हूँ।
तुम पेंसिल से मत लिखो।
तुम कलम से लिखो।
आज से त़ुम कलम से ही लिखो ।
सुभाष का घर डाक-घर के पास है।

मैदान कहाँ है ?
मैदान स्क़ूल के पास है।
क्या सुरेश के पास कलम है?
हाँ, उसके पास कलम है।

क्या महेश के पास किताब है?
नहीं, उसके पास किताब नहीं है ।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| मेरा | My | என்னுடைய |
| तुम्हारा | Your | உன்னுடைய |
| हमारा | Our | நம்முடைய, எங்களுடைய |
| आपका | Your | உங்களுடைய, தங்களுடைய |
| किसका | Whose | யாருடைய |
| नाम | Name | பெயர் |
| रंग | Colour | நிறம் |
| काला | Black | கருப்பு |
| मकान | Building | கட்டிடம் |
| सरकार | Government | அரசாங்கம் |

| | | |
|---|---|---|
| से | with, than | ஆல், விட |
| के पास | near, have,has | அருகில் |
| दफ़्तर | Office | அலுவலகம் |
| डाक-घर | Post Office | தபால் நிலையம் |
| काम | Work | வேலை |
| कई | Many | பல |
| लोग | People | மக்கள் |
| देश | Country | நாடு |
| बैल-गाड़ी | Bullock-cart | மாட்டு வண்டி |
| गेहूँ | Wheat | கோதுமை |
| पैदल | On Foot | நடந்து |
| खाना | Food | உணவு |

## अभ्यास

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. तुम्हारा नाम क्या है ?

2. गाड़ी कहाँ से आती है ?

3. मैदान कहाँ है ?

## पाठ पाँच

## ऊँगा ,ओगे, - एगा, एँगे, मैं स्कूल जाऊँगा

आज कौन-सा दिन है?

आज शनिवार है।

कल कौन-सा दिन है?

कल इतवार है।

कल छुट्टी है।

मैं कल स्कूल नहीं जाऊँगा।

मैं कल खेलूँगा।

मैं मैदान में खेलूँगा।

परसों सोमवार है। मैं परसों स्कूल जाऊँगा।

क्या मंगलवार को तुम स्कूल जाओगे ?

नहीं, मंगलवार को मैं स्कूल नहीं जाऊँगा।

मंगलवार को त्योहार है।

शाम को तुम क्या करोगे?

शाम को मैं मंदिर जाऊँगा।

क्या तुम भी मंदिर चलोगे?

हाँ, मैं भी ज़रूर मंदिर चलूँगा।

तुम कब वापस आओगे ?

मैं रात को वापस आऊँगा।

मुरली, तुम अब अंग्रेज़ी पढ़ोगे या हिंदी ?

मैं अब हिंदी पढूँगा, रात को अंग्रेज़ी पढूँगा।

तुम गणित कब करोगे ?

मैं गणित कल सुबह करूँगा।

क्या तुम आज बाज़ार जाओगे?

नहीं, मैं आज बाज़ार नहीं जाऊँगा।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| दिन | Day | நாள் |
| छुट्टी | Holiday | விடுமுறை |
| आज | Today | இன்று |
| त्योहार | Festival | பண்டிகை |
| शाम | Evening | மாலை |
| शाम को | In theEvening | மாலையில் |
| मंदिर | Temple | கோயில் |
| ज़रूर | Certainly | கட்டாயம் |
| वापस | Return | திரும்பி |
| कब | When | எப்பொழுது |

## अभ्यास - EXERCISE

### एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-

1. आज कौन-सा दिन है?
2. कल कौन-सा दिन है?
3. शाम को तुम क्या करोगे?

## पाठ छः

कल अशोक कहाँ जाएगा?

कल अशोक चेन्नई जाएगा।

अशोक चेन्नई क्यों जाएगा?

वह चेन्नई में हॉकी खेलने जाएगा।

वहाँ शनिवार को हॉकी का खेल है।

क्या अशोक हॉकी खेलता है?

हाँ ,अशोक हॉकी खूब खेलता है।

अशोक को कौन चेन्नई भेजते हैं ?

अशोक को हमारे प्रधान अध्यापक चेन्नई भेजते हैं।

अशोक वहाँ कितने दिन ठहरेगा ?

अशोक वहाँ पाँच दिन ठहरेगा।

वहाँ खेल तीन दिन का है।

आज अशोक किस गाड़ी से जाएगा?

वह शाम की गाड़ी से जाएगा।

मैं शाम को स्टेशन जाऊँगा।

क्या तुम भी स्टेशन चलोगे?

हाँ , मैं भी अवश्य स्टेशन चलूँगा।

मैं चार बजे तुम्हारे घर आऊँगा।

वहाँ से हम दोनों स्टेशन जाएँगे।

गाडी कितने बजे छूटती है?

गाड़ी साढ़े छः बजे छूटती है।

हम छः बजे स्टेशन पहुँचेंगे।

मैं अशोक को माला पहनाऊँगा।

मैं भी उसे एक माला पहनाऊँगा।

मैं बाज़ार से एक बढ़िया माला लाऊँगा।

आज स्टेशन पर हमारे अध्यापक भी आएँगे।

अशोक कब चेन्नई से वापस आएगा ?

वह बुधवार सबेरे इधर वापस आएगा ।

आज सभा में कौन बोलेंगे ?

आज सभा में प्रधान अध्यापक बोलेंगे।

क्या वे हिंदी में बोलेंगे ?

हाँ, वे हिंदी में ही बोलेंगे ।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| खूब | Well | நன்றாக |
| भेज | Send | அனுப்பு |
| प्रधान अध्यापक | HeadMaster | தலைமை ஆசிரியர் |

| | | |
|---|---|---|
| कितने | How many | எத்தனை |
| ठहर | Halt | தங்கு |
| दोनों | Both | இருவரும் |
| छूटना | To depart | புறப்படுதல் |
| पहुँचना | To reach | சேர்தல் |
| बजे | O'clock | மணிக்கு |
| पहनना | Wear | அணிதல் |
| बढ़िया | Fine | நேர்த்தியான |
| बोल | Speak | பேசு |

## अभ्यास - EXERCISE


**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. कल अशोक कहाँ जाएगा ?

2. गाड़ी कितने बजे छूटती है ?

3. अशोक कब चेन्नई से वापस आएगा ?

# पाठ - सात



यह गाड़ी कहाँ जाएगी?

यह मदुरै जाएगी।

यह गाड़ी कब छूटेगी?

यह रात को आठ बजे छूटेगी।

यह कब मदुरै पहुँचेगी ?

यह कल सबेरे सात बजे मदुरै पहुँचेगी।

हम बुधवार को मदुरै जाएँगे।

हम दस दिन मदुरै में रहेंगे।

गीता भी मदुरै चलेगी।

मदुरै से हम कोडैक्कानल जाएँगे ।

कोडैक्कानल में हम वेधशाला देखेंगे।

सीता, तुम मेरे साथ चलोगी?

हाँ, मैं भी तुम्हारे साथ चलूँगी।

तुम यहाँ से कब चलोगी ?

मैं गुरुवार को चलूँगी।

वहाँ से हम और कहाँ जाएँगी ?

हम वहाँ से ऊटी जाएँगी।

ऊटी से हम यहाँ वापस आएँगी।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| रात | Night | இரவு |
| रात को | At night | இரவில் |
| चल | Walk | நட, செல் |

## अभ्यास - EXERCISE

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. यह गाड़ी कहाँ जाएगी ?
2. यह गाड़ी कब छूटेगी ?
3. कोडैक्कानल में हम क्या देखेंगे ?

# पद्य - POETRY

## 1. वंदना



हे प्रभु! आनंद-दाता ज्ञान हमको दीजिए

शीघ्र सारे दुर्गुणों को दूर हमसे कीजिए।

निंदा किसी की हम किसी से भूलकर भी न करें,

ईर्ष्या कभी भी हम किसी से भूलकर भी न करें,

हे प्रभु! आनंद दाता ज्ञान हमको दीजिए।

प्रेम से हम गुरुजनों की नित्य ही सेवा करें,

प्रेम से हम संस्कृति की नित्य ही सेवा करें,

हे प्रभु! आनंद-दाता ज्ञान हमको दीजिए।

-रामनरेश त्रिपाठी

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| दुर्गुण | Defect | தீயகுணம் |
| ज्ञान | Knowledge | ஞானம் |
| निंदा | Condemnation | வசவு (தூற்றுதல்) |
| ईर्ष्या | Jealous | பொறாமை |
| संस्कृति | Culture | பண்பாடு |

## अभ्यास - EXERCISE

अपनी प्रांतीय भाषा में भावार्थ लिखिए:-

निंदा किसी की ....................................................दीजिए ।

# 2. झंडा ऊँचा रहे हमारा




झंडा ऊँचा रहे हमारा

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा

झंडा ऊँचा रहे हमारा ।।

सदा शक्ति बरसानेवाला;

प्रेम सुधा सर्सानेवाला;

वीरों को हर्षानेवाला ।

मातृभूमि का तन-मन सारा

झंडा ऊँचा रहे हमारा ।।

इस झंडे के नीचे निर्भय,

हो स्वराज जनता का निश्चय

बोलो, भारत माता की जय !

स्वतंत्रता ही ध्येय हमारा

झंडा ऊँचा रहे हमारा ।।

शान न इसकी जाने पावे,

चाहे जान भले ही जावे,

विश्व विजय करके दिखलावे

तब होवे प्रण पूर्ण हमारा ।

झंडा ऊँचा रहे हमारा ।।

-श्यामलाल गुप्त पार्षद

# शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| झंडा | flag | கொடி |
| तिरंगा | tri-colour | மூவர்ணம் |
| विश्व | universe | உலகம் |
| प्रेम सुधा | sweet love | அன்பெனும் அமுதம் |
| बरसानेवाला | shower | பொழியக்கூடிய |
| मातृभूमि | motherland | தாய்நாடு |
| ध्येय | The goal | இலட்சியம் |
| स्वतंत्रता | freedom | சுதந்திரம் |
| शान | prestige | கௌரவம் |
| जान | life | உயிர் |
| दिखलाना | to show | காண்பித்தல் |
| स्वराज | independence | சுயராஜ்ஜியம் |

## अभ्यास - EXERCISE

अपनी प्रांतीय भाषा में भावार्थ लिखिए:-

1. सदा शक्ति..........झंडा ऊँचा रहे हमारा ॥

2. शान न इसकी............झंडा ऊँचा रहे हमारा ॥

# 3. मीठी बोली बोलो



जब अपना मुँह खोलो तुम,
मीठी बोली बोलो तुम।
जग में इज्जत पाओगे
बहुत नेक कहलाओगे ।।

कोयल मीठा गाती है,
सब का जी ललचाती है।
तोता सब को भाता है,
मीठा मीठा गाता है ।।

सच्चा गुण यह जानो तुम,
बात कीमती मानो तुम।
जब अपना मुँह खोलो तुम,
मीठी बोली बोलो तुम ।।

-संकलित

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| मीठी बोली इज्जत | sweet speech | இனிமையான பேச்சு |
| इज्जत | respect | மரியாதை |
| पाना | to get | பெறுதல் |
| नेक | honesty | நேர்மை |
| जी | mind | மனம் |
| ललचाना | to tempt | ஆசை உண்டாக்குதல் |
| भाना | to attract | கவர்தல் (மகிழ்வித்தல்) |
| बात | matter | விஷயம் |
| कीमती | costly | உயர்ந்த (மதிப்புள்ள) |

### अभ्यास - EXERCISE

**अपनी प्रांतीय भाषा में भावार्थ लिखिए:-**

1. जब अपना मुँह खोलो ..... नेक कहलाओगे ।।

2. सच्चा गुण यह जानो.........मीठी बोली बोलो तुम ।।

## गद्य - PROSE

## 1.पेशेवर



हमें तीन चीजों की ज़रूरत है रोटी, कपड़ा और मकान । अनाज, तरकारी आदि खाने की चीज़ें हमें किसान देते हैं। किसान गाँवों में रहते हैं। वे पहले खेत जोतते हैं, बीज बोते हैं और पानी सींचते हैं। बाद को वे फ़सल काटते हैं। अनाज को गाड़ियों में लादकर बाज़ार में भेजते हैं। वहाँ से हम अनाज खरीदते हैं। ये ही किसान तरकारियाँ भी पैदा करते हैं।

मकान बनानेवाले को राज कहते हैं। राज ईंट और सिमेंट से मकान बनाते हैं। बढ़ई लकड़ी की चीजें बनाते हैं। वे हमारे लिए मेज़, कुरसी, अलमारी, किवाड़ आदि भी बनाकर देते हैं। मकान बनाने में राज और बढ़ई हमारी मदद करते हैं।

हमें पहनने के लिए कपड़े चाहिए। ये कपड़े कहाँ से आते हैं? पहले किसान खेतों में कपास पैदा करते हैं। वे कपास से रूई, रूई से धागा और धागे से कपड़ा बनाते हैं। कपड़े बुननेवाले को जुलाहा कहते हैं। ये करघों पर कपड़ा बुनते हैं।

रोटी, कपड़ा और मकान के अलावा हमें बरतन और आभूषण भी चाहिए। आभूषण बनानेवाले को सोनार कहते हैं। सोनार सोने से कंकण, जंजीर, अंगूठी आदि बनाते हैं। वे चाँदी से थाली, गिलास आदि बनाते हैं। लोहार भी हमारे काम के हैं। लोहार लोहे के सामान बनाते हैं। किसान, राज, बढ़ई, जुलाहा, सोनार, लोहार आदि पेशेवर हैं। ये हमारे जीवन को सुखमय बनाते हैं ।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| मकान | building | கட்டிடம் |
| चीज़ | thing | பொருள் |
| अनाज | grain | தானியம் |
| तरकारी | vegetable | காய்கறி |
| आदि | etcetera, etc | முதலியன |
| खेत | field | வயல் |
| जोतना | to plough | உழுதல் |
| पानी सींचना | to irrigate | நீர்பாய்ச்சுதல் |

| | | |
|---|---|---|
| फसल | crops | விளைச்சல் |
| बीज | seed | விதை |
| बोना | to sow | விதைத்தல் |
| लादना | to load | சுமை ஏற்றுதல் |
| खरीदना | to buy | வாங்குதல் |
| पैदा करना | to produce | பயிராக்குதல் |
| राज | mason | கொத்தனார் |
| ईंट | brick | செங்கல் |
| बनाना | to make | அமைத்தல் |
| बढ़ई | carpenter | தச்சர் |
| लकड़ी | wood | கட்டை |
| किवाड़ | door | கதவு |
| मदद करना | to help | உதவுதல் |
| किसान | Farmer | விவசாயி |
| कपास | cotton | பருத்தி |
| धागा | thread | நூல் |
| जुलाहा | weaver | நெசவாளி |
| करघा | handloom | கைத்தறி |

| | | |
|---|---|---|
| बुनना | to weave | நெய்தல் |
| के अलावा | besides | தவிரவும் |
| बरतन | vessel | பாத்திரம் |
| आभूषण | jewel | நகை |
| सोनार | goldsmith | பொற்கொல்லர் |
| कंकण | bangle | வளையல் |
| जंज़ीर | chain | சங்கிலி |
| अंगूठी | finger ring | மோதிரம் |
| चाँदी | silver | வெள்ளி |
| थाली | plate | தட்டு |
| लोहार | blacksmith | கொல்லர் |
| पेशेवर | workman | தொழிலாளி |

## अभ्यास - EXERCISE

**प्रांतीय भाषा में अर्थ लिखिए:-**

1.अनाज

2.खरीदना

3.आभूषण

4. पैदा करना

5.मकान

## विलोम शब्द लिखिए:-

1.गाँव

2.खरीदना

3.बनाना

4. आना

5.देना

## सही या गलत लिखिए:

1. किसान खेत जोतते हैं ।

2. मकान बनानेवाले को जुलाहा कहते हैं।

3. जुलाहे करघों पर कपड़ा बुनते हैं।

4. आभूषण बनानेवाले को बढ़ई कहते हैं।

5. लोहार लोहे के सामान बनाते हैं ।

## प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए:-

1. किसान कहाँ रहते हैं ?

2. मकान बनानेवाले को क्या कहते हैं?

3. बढ़ई हमारे लिए क्या बनाते हैं?

4. जुलाहे क्या बुनते हैं ?

5. कौन आभूषण बनाते हैं?

# 2. हमारा घर



महेश : विजय! कैसे हो ?

विजय: महेश! तुम यहाँ ? क्या यही तुम्हारा घर है?

महेश : हाँ, यह हमारा नया घर है। बहुत दिनों के बाद मिल रहे हैं। आओ, बैठक में बैठकर आराम से बात करेंगे।

विजय: घर में कौन-कौन हैं ?

महेश : घर में मेरे पिताजी, माताजी और बड़े भाई हैं ।

विजय: यह कमरा बहुत सुंदर है। घर में कितने कमरे हैं?

महेश : घर में पाँच कमरे हैं। तीन कमरे नीचे हैं, दो कमरे ऊपर। नीचेवाले कमरे बड़े हैं, ऊपर के कमरे छोटे हैं। दाहिनी ओर पिताजी का कमरा

विजय : यह कमरा किसका है?

महेश : यह बड़े भाई का कमरा है। उस कमरे के पास स्नान घर भी है।

विजय: वह किसका मकान है ?

महेश : वह अशोक का मकान है। वह मेरा दोस्त है। विजय: और वह बगीचा किसका है?

महेश : हमारा बगीचा है।

विजय: अरे वाह! बगीचा तो बहुत बड़ा और सुंदर भी है। एक ओर क्यारियों में गुलाब के रंग-बिरंगे फूल, दूसरी ओर ऊँचे-ऊंचे पेड़ और छोटे-छोटे पौधों को देखकर मन खुश होता है। नारियल के पेड़ तो ऊँचे-ऊँचे हैं। अरे! नीम और अमरूद के पेड़ भी हैं।

महेश : हाँ, हाँ! मैं तो छुट्टियों के दिनों में बगीचे में खेला करता हूँ और पढ़ा करता हूँ। कभी-कभी तुम भी आया करो। मिलकर मन बहलाएँगे।

विजय : हाँ, जरूर आया करूंगा।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| बात करना | to talk | உரையாடுதல் |
| नया | new | புதிய |
| स्नान घर | bathroom | குளியலறை |
| दाहिनी ओर | right side | வலது புறம் |
| बगीचा | garden | தோட்டம் |

| | | |
|---|---|---|
| पौधा | plant | செடி |
| रंग-बिरंगे | colourful | பலநிறமான |

## अभ्यास - EXERCISE

**प्रांतीय भाषा में अर्थ लिखिए:-**

1.बात करना

2.दाहिनी ओर

3.नया

4.बगीचा

5.पौधा

**विलोम शब्द लिखिए:-**

1.बाद

2.नया

3.छोटा

4.ऊपर

5.कई

**सही या गलत लिखिए:-**

1. महेश का घर नया है।

2. महेश के घर में चार कमरे हैं।

3. महेश का दोस्त अशोक है।

4. बगीचा छोटा और असुंदर है।

5. नारियल के पेड़ ऊँचे हैं।

**प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए:-**

1. महेश का घर नया है या पुराना ?

2. महेश के घर में कौन-कौन हैं?

3. महेश के घर में कितने कमरे हैं?

4. क्यारियों में कैसे कैसे फूल लगे हैं?

5. नारियल का पेड़ कैसा होता है?

## PRESENT TENSE - நிகழ்காலம் - वर्तमानकाल

| | | |
|---|---|---|
| मैं हूँ I | I am | நான் இருக்கிறேன். |
| हम हैं। | We are | நாங்கள் / நாம் இருக்கிறோம். |
| तुम हो I | You are | நீ இருக்கிறாய். |
| आप हैं \| | You are | நீங்கள் இருக்கிறீர்கள். |
| यह / वह है। | He is | இவன் / அவன் இருக்கிறான். |
| | She is | இவள் / அவள் இருக்கிறாள். |
| | It is | இது / அது இருக்கிறது. |

He is இவர் /அவர் இருக்கிறார்.

She is இவர் /அவர் இருக்கிறார்.

ये / वे हैं| They are இவர்கள் /அவர்கள் இருக்கிறார்கள்.

These/

Those are இவைகள் /அவைகள் இருக்கின்றன.

## अभ्यास - EXERCISE

**COMPLETE THE FOLLOWING SENTENCES BY APPLYING SUITABLE VERBS:**

1. मैं लड़का (हैं, हूँ, हो)

2. तुम लड़के (हूँ, हो, हैं)

3. हम लड़कियाँ (हैं, हो, हूँ)

4. आप आदमी (हो, हूँ, हैं)

5. यह घोड़ा (हो, हूँ, है)

6. वह घर (है, हो, हूँ)

7. ये पेड़ (है, हैं, हो)

8. वे गायें (हो, हैं, हूँ)

9. मैं रमा (हो, हूँ, है)

10. हम औरतें (हैं, हो, हूँ)

## वाक्यों - SENTENCES

मैं रोज़ स्कूल जाता हूँ ।

I go to school every day.

நான் நாள்தோறும் பள்ளிக்கூடம் போகிறேன்.

राम कब यहाँ आता है?

When does Ram come here?

ராமன் எப்பொழுது இங்கே வருகிறான்?

हम हिंदी सीखते हैं।

We learn Hindi.

நாங்கள் ஹிந்தி கற்கிறோம்.

तुम कहाँ रहते हो|

Where do you live?

நீ எங்கே வசிக்கிறாய்?

क्या सीता गाती है?

Does Sita sing?

சீதை பாடுகிறாளா?

वे क्या काम करती हैं?

What work do they (feminine) do?

அவர்கள் (பெண்பால்) என்ன வேலை செய்கிறார்கள்?

मैं नहीं गाती।

I (feminine) do not sing.

நான் (பெண்பால்) பாடுவதில்லை.

हम कुछ नहीं करतीं।

We (feminine) do nothing.

நாங்கள் (பெண்பால்) ஒன்றும் செய்வதில்லை.

वेलू घर जाता है।

Velu goes to the house.

வேலு வீட்டிற்கு போகிறான்.

यह लड़का हिन्दी पढ़ता है।

This boy reads Hindi.

இந்த பையன் ஹிந்தி படிக்கிறான்.

तुम क्या करते हो?

What do you do?

நீ என்ன செய்கிறாய்?

मीना कपड़ा सीती है।

Meena stitches the cloth.

மீனா துணி தைக்கிறாள்.

हम कहानी सुनते हैं।

We hear the story.

நாங்கள் கதை கேட்கிறோம்.

# गिनती - NUMBERS

| | | | |
|---|---|---|---|
| एक | One | ग्यारह | Eleven |
| दो | Two | बारह | Twelve |
| तीन | Three | तेरह | Thirteen |
| चार | Four | चौदह | Fourteen |
| पाँच | Five | पंद्रह | Fifteen |
| छः | Six | सोलह | Sixteen |
| सात | Seven | सत्रह | Seventeen |
| आठ | Eight | अठारह | Eighteen |
| नौ | Nine | उन्नीस | Nineteen |
| दस | Ten | बीस | Twenty |

| | |
|---|---|
| इक्कीस TWENTY ONE | इकतीस THIRTY ONE |
| बाईस TWENTY TWO | बत्तीस THIRTY TWO |
| तेईस TWENTY THREE | तैंतीस THIRTY THREE |
| चौबीस TWENTY FOUR | चौंतीस THIRTY FOUR |
| पच्चीस TWENTY FIVE | पैंतीस THIRTY FIVE |
| छब्बीस TWENTY SIX | छत्तीस THIRTY SIX |
| सत्ताईस TWENTY SEVEN | सैंतीस THIRTY SEVEN |
| अट्ठाईस TWENTY EIGHT | अड़तीस THIRTY EIGHT |
| उनतीस TWENTY NINE | उनतालीस THIRTY NINE |
| तीस THIRTY | चालीस FORTY |

| | | | |
|---|---|---|---|
| इकतालीस | FORTY ONE | इक्यावन | FIFTY ONE |
| बयालीस | FORTY TWO | बावन | FIFTY TWO |
| तैंतालीस | FORTY THREE | तिरपन | FIFTY THREE |
| चवालीस | FORTY FOUR | चौवन | FIFTY FOUR |
| पैंतालीस | FORTY FIVE | पचपन | FIFTY FIVE |
| छियालीस | FORTY SIX | छप्पन | FIFTY SIX |
| सैंतालीस | FORTY SEVEN | सत्तावन | FIFTY SEVEN |
| अड़तालीस | FORTY EIGHT | अट्ठावन | FIFTY EIGHT |
| उनचास | FORTY NINE | उनसठ | FIFTY NINE |
| पचास | FIFTY | साठ | SIXTY |

| | |
|---|---|
| इकसठ SIXTY ONE | इकहत्तर SEVENTY ONE |
| बासठ SIXTY TWO | बहत्तर SEVENTY TWO |
| तिरसठ SIXTY THREE | तिहत्तर SEVENTY THREE |
| चौंसठ SIXTY FOUR | चौहत्तर SEVENTY FOUR |
| पैंसठ SIXTY FIVE | पचहत्तर SEVENTY FIVE |
| छियासठ SIXTY SIX | छिहत्तर SEVENTY SIX |
| सडसठ SIXTY SEVEN | सतहत्तर SEVENTY SEVEN |
| अड़सठ SIXTY EIGHT | अठहत्तर SEVENTY EIGHT |
| अनहत्तर SIXTY NINE | उन्नासी SEVENTY NINE |
| सत्तर SEVENTY | अस्सी EIGHTY |